कब थामोगे आके श्याम हाथ ये मेरा भजन लिरिक्स

कब थामोगे आके श्याम,
हाथ ये मेरा, हाथ ये मेरा,
कब थामोंगे आके श्याम,
हाथ ये मेरा।bd।

तर्ज – लो आ गयी उनकी याद।

बालक हूँ मैं तुम्हारा,
तेरा ही आसरा है,
तेरा सिवा जहां मैं,
कोई न दूसरा है,
जग चाहे छूट जाए,
छुटे ना साथ तेरा,
कब थामोंगे आके श्याम,
हाथ ये मेरा।bd।

तेरी कृपा से बाबा,
हर काम मेरा बनता,
तेरी दया पे बाबा,
परिवार मेरा पलता,
तेरे ही रहते क्यो है,
जीवन मे ये अंधेरा,
कब थामोंगे आके श्याम,
हाथ ये मेरा।bd।

है दिलीप को बिठाना,
चरणों मे श्याम बाबा,
दर पे तुम्हारे बीते,
जीवन मेरा ये बाबा,
सर पर रहे सदा ही,
कृपा का हाथ तेरा,
कब थामोंगे आके श्याम,
हाथ ये मेरा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
कब थामोगे आके श्याम,

हाथ ये मेरा, हाथ ये मेरा,
कब थामोंगे आके श्याम,
हाथ ये मेरा।bd।

लेखक / प्रेषक – दिलीप अग्रवाल (कासगंज)
8077125279

Video Not Available.

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com